आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 05.10.2023 समय : 0705

<><><><><><><>

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह किरायेदारी विनियमन –दो हजार तेईस को लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है।
- भवन को किराये पर देने से पहले रेंट एग्रीमेंट होगा अनिवार्य–विवादों के निपटाने के लिए फास्ट ट्रैक अर्ध न्यायिक प्रणाली स्थापित होगी।
- आज राष्ट्रीय डॉल्फ़िन दिवस है। उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने द्वीपवासियों से डॉल्फिन के आवासों की सुरक्षा और संरक्षण का संकल्प लेने को कहा।
- अंडमान निकोबार कमान आठ अक्टूबर को अपना तेईसवां स्थापना दिवस मनाएगी–पोर्ट ब्लेयर में एयर शो का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव और लक्षद्वीप के लिए किरायेदारी विनियमन –दो हजार तेईस को लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कैबिनेट के फैसलों पर कल जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि इससे मकान मालिक और किरायेदार दोनों के हितों और अधिकारों के बीच संतुलन स्थापित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इसके लागू होने के बाद किसी भी रिहायशी या व्यवसायिक सम्पत्ति को किराये पर देने से पहले मकान मालिक और किरायेदार के बीच रेंट एग्रीमेंट होना अनिवार्य है। अनुबंध की लिखित सूचना रेंटल अथॉरिटी को दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि इसमें भवन के रखरखाव के संबंध में मकान मालिक और किरायेदारों के दायित्वों को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। विवादों के निपटान के लिए फास्ट ट्रैक अर्ध न्यायिक प्रणाली की स्थापना होगी।

<><><><><><><>

आज राष्ट्रीय डॉल्फ़िन दिवस है। इस अवसर पर उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने कहा कि डॉल्फिन दुनिया भर के समुद्रों और नदियों में पाई जाने वाली एक अत्याधिक बुद्धिमान और करिशमाई जलीय स्तनधारी है। ये आकर्षक जीव समुद्री पारिस्थितिक तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। परन्तु आज डॉल्फिन की आबादी को आवास के खत्म होने, प्रदूषण, अत्याधिक मत्स्यहरण और जलवायु परिवर्तन जैसे गंभीर संकटों का सामना करना पड़ रहा है। जलीय पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने और पर्यटन के माध्यम से स्थानीय अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने में डॉल्फिन संरक्षण के गहण महत्व को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने पांच अक्टूबर को राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस के रूप में निर्धारित किया है। उन्होंनें कहा कि पूरे राष्ट्र के साथ अंडमान निकोबार द्वीपसमूह भी बड़े उत्साह और आशा से दूसरा राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस मना रहा है। पर्यावरण और वन विभाग ने विभिन्न हितधारकों के साथ मिलकर इस दिवस के उपलक्ष्य में अनेक कार्यक्रमों की योजना बनाई है। इस सामूहिक प्रयास का उद्देश्य उत्तरदायी व्यवहारों के द्वारा इन आकर्षक समुद्री जीवों के साथ–साथ उनके निवास स्थान की सुरक्षा को बढ़ावा देना है। उप–राज्यपाल ने सभी द्वीपवासियों से पर्यावरण और जैव–विविधता संरक्षण के क्षेत्र में एक और महत्वकांक्षी यात्रा आरंभ करने के लिए राष्ट्र के साथ एकजुट होने का आग्रह किया है। उन्होंने द्वीपसमूह में डॉल्फिन के आवासों की सुरक्षा और संरक्षण का संकल्प लेने को कहा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान आठ अक्टूबर को अपना तेईसवां स्थापना दिवस मनाने जा रही है। इस अवसर पर द्वीपों में कई गतिविधियां आयोजित होंगी। सात अक्टूबर को आयोजित होने वाला एयर शो इसका मुख्य आकर्षण रहेगा। दोपहर दो बजकर पैंतालीस मिनट पर एयर शो आरंभ होगा। इसमें कमान के कई हवाई जहाजों सहित लड़ाकू विमान भी हिस्सा लेंगे। लोग जॉगर्स पार्क, हैडो और मिनी बे से इसका आनन्द उठा सकते है। शाम को साढ़े पांच बजे फ्लैग प्वाइंट पर बैंड प्रस्तुति पेश की जाएगी। इसके बाद मरीना पार्क के सामने समुद्र में खड़े जहाजों पर रोशनी की जाएगी।

<><><><><><><>

केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान क्यारी में आज और कल आर्थिक सम्पन्नता और पारिस्थितिकी वहनीयता के लिए मसालों, खुशबूदार और चिकित्सीय पौधों पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है। अंडमान विज्ञान एसोसिएशन और सुपारी तथा मसाला विकास निदेशालय केरल के सहयोग से हाईब्रिड मोड में इसका आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन के दौरान बाईस राज्यों के लगभग डेढ़ सौ प्रतिभागी ऑनलाइन और ऑफलाइन अपने विचार प्रस्तुत करेंगे तथा शोध पत्रों को भी पेश किया जाएगा।

<><><><><><><>

नौ और तेईस जुलाई को विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए आयोजित हुई सामान्य मैट्रिक स्तरीय परीक्षा तथा उच्च माध्यमिक स्तरीय परीक्षा के संबंध में कार्मिक पोर्टल पर अपने दांवे और आपत्तियां जमा करने वाले सभी उम्मीदवारों को कल अपनी ई–मेल को देखने की सलाह दी गई है। उम्मीदवारों से मांगी गई जानकारी को स्कैन करके अट्ठारह अक्टूबर की मध्यरात्रि तक उप–सचिव भर्ती के मेल पर भेजने को कहा गया है। ऐसा न करने पर उनके द्वारा जमा किए गए दांवे और आपत्तियों को निरस्त कर दिया जाएगा।

<><><><><><><>

मिशन वात्सल्य के तहत समाज कल्याण विभाग में हेल्पलाइन एडमिनीस्ट्रेटर, कॉल ऑपरेटर, आई टी सुपरवाइज़र, सुरक्षाकर्मी और बहुउद्देश्यकर्मी के कुल चौदह पदों पर भर्ती की जाएगी। अनुबंध के आधार पर होने वाली इस भर्ती के लिए सोलाह अक्टूबर को गोलघर स्थित समाज कल्याण विभाग के सचिव के कक्ष में सीधे साक्षात्कार लिया जाएगा। पहली पारी में ग्यारह से एक और दूसरी पारी में दोपहर दो से चार बजे तक साक्षात्कार आयोजित होगा। प्रमाणपत्रों की जांच का कार्य बारह और तेरह अक्टूबर को सुबह नौ बजे से आरंभ होगा। योग्य उम्मीदवारों से दस्तावेजों के साथ साक्षात्कार में शामिल होने को कहा गया है।

<><><><><><><>

वन विभाग में मजदूर के पदों पर भर्ती के लिए चयनित उम्मीदवारों की शारीरिक परीक्षा कल से लेकर इक्कतीस अक्तूबर तक चिड़ियाटापू के जैविक उद्यान में ली जाएगी। उम्मीदवारों से अपनी पारी में सुबह छः बजे से परीक्षा के लिए उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

पशुपालन विभाग की ओर से शहीद द्वीप के मुर्गीपालकों को सहयोग प्रदान करने की पहल की गई है। विभाग की ओर से शहीद द्वीप के तीस किसानों को आठ सौ पचास चूजों का वितरण किया गया। इनमें वनराजा सहित अन्य प्रकार की प्रजातियां शामिल है। इसका उद्देश्य मुर्गीपालन को प्रोत्साहित करते हुए स्थानीय किसानों की आय में वृद्धि करना है। किसानों को मुर्गीपालन की देखभाल और प्रबंधन दिशा–निर्देशों का भी वितरण किया गया। इससे शहीद द्वीप में मुर्गीपालन के क्षेत्र में वृद्धि होने की आशा है।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

ग्रेट अंडामानी समुदाय के एक युवा को अंडमान लोक निर्माण विभाग में जे ई सिविल के पद पर नियुक्ति मिलने के समाचार को– द इको ऑफ इंडिया ने पहले पन्ने के ऊपरी भाग में जगह दी है। अंडमान चैम्बर ऑफ कॉमर्स व इंडस्ट्री के यूथ विंग की ओर से द्वीपों में पहली पर्यटन कॉनक्लेव का आयोजन करने के समाचार को– अंडमान क्रोनिकल ने प्रमुखता दी है। राज्य ऑलम्पिक संघ की ओर से मार्शल आर्ट निरीक्षको के लिए सात अक्टूबर को संगोष्ठी व पुनश्चर्या कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को– डेली टेलीग्राम्स ने अंतिम पन्ने में जगह दी है। द्वीप समाचार ने अंडामन निकोबार प्रशासन के राजभाषा विभाग की ओर से आयोजित हिन्दी पखवाड़ा का समापन समारोह कल पोर्ट ब्लेयर में आयोजित करने के समाचार को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है। अंडमान यात्रा का चौथा संस्करण सम्पन्न होने के समाचार को– इंफो इंडिया ने अपनी बड़ी खबर बनाया है।

<><><><><><><>